मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-91
11/02/2026

समाजवादी चिंतक, लेखक एवं प्रसिद्ध राजनेता स्व0 किशन पटनायक की धर्मपत्नी वाणी दास जी के निधन पर मुख्यमंत्री ने व्यक्त की गहरी शोक संवेदना

पटना, 11 फरवरी 2026 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने ओडिशा के समाजवादी चिंतक, लेखक एवं प्रसिद्ध राजनेता स्व0 किशन पटनायक जी की धर्मपत्नी वाणी मंजरी दास के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि वाणी मंजरी दास शिक्षिका के तौर पर कार्य करने के साथ–साथ सामाजिक रूप से लोगों के बीच काफी लोकप्रिय थीं। वे महिला सशक्तीकरण एवं सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिये जीवनपर्यंत सक्रिय रहीं। नशामुक्ति और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में भी इनके द्वारा काफी कार्य किया गया। स्व0 वाणी दास सामाजिक और धर्मपरायण महिला थीं। वाणी दास के निधन के समाचार से मुझे काफी दुख पहुंचा है। उनके निधन से सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******